रूस से भारत का कच्चा तेल आयात बढ़ा

[स्रोत: बिज़िनेस लाइन]

भारत ने **जून 2024 में रूस** से [कच्चे तेल] के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि देखी, जो 1.97 मिलियन बैरल प्रतिदिन (million barrels per day- mbpd) तक पहुँच गई, जो जुलाई 2023 के बाद से सबसे अधिक है।

- यह वृद्धि, जो महीने-दर-महीने लगभग **15% और वार्षिक आधार पर 2% थी**, चीन को **रूस से कच्चे तेल की आपूर्ति में कमी आने** के कारण हुई, जिससे अधिक बैरल भारत की ओर आ गए।
- सार्वजनिक क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों जैसे **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Indian Oil Corporation Ltd.- IOCL), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Bharat Petroleum Corporation Ltd.- BPCL),** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (Hindustan Petroleum Corporation Ltd.- HPCL) और निजी रिफाइनरियों जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड (Reliance Industries Ltd.- RIL) ने भारी मात्रा में आयात किया, जिसमें निजी रिफाइनरियों ने प्रतिदिन रिकॉर्ड 871,200 बैरल का आयात किया।
- इसी समय, **पश्चिम एशिया के पारंपरिक आपूर्तिकर्त्ताओं, खासकर इराक (भारत का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्त्ता)** और सऊदी अरब से आयात में काफी गिरावट आई। इराक के शिपमेंट में महीने-दर-महीने 20% की गिरावट आई, जबकि सऊदी अरब के शिपमेंट में 36% की गिरावट आई, जो उच्च आधिकारिक बिक्री मूल्यों से प्रभावित था।
- इसके विपरीत अमेरिका से भारत में कच्चे तेल के आयात में वृद्धि जारी रही, जो यूरोप में रिफाइनरी व्यवधानों के बीच वैश्विक आपूर्ति गतिशीलता में बदलाव का संकेत है।



//

और पढ़ें: [इंडियन ऑयल मार्केट आउटलुक 2030: IEA](), [लाल सागर व्यवधान और भारत की तेल आयात गतिशीलता]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-crude-oil-imports-surge-from-russia